दिनांकः 08.10.2023 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- गृह मंत्री अमित शाह ने कहा–देश से आतंकवाद को समूल नष्ट करने का समय आ गया है।
- वायु सेना का स्थापना दिवस आज–नया प्रतीक चिह्न होगा जारी।
- प्रदेश में कनिष्ठ अनुदेशकों के ढाई हजार पदों पर होगी भर्ती।
- आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में, आज भारत का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से होगा।

----------------

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश से आतंकवाद को समूल नष्ट करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से निपटने के लिए कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के साथ आगे बढ़ना होगा। गृहमंत्री कल देहरादून में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए कानून–व्यवस्था और आंतरिक तथा सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत बनाना जरूरी है। गृहमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में केन्द्र सरकार ने जम्मू–कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद वाले क्षेत्रों तथा पूर्वोत्तर में कानून व्यवस्था बेहतर बनाने का काम किया है।

----------------

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में नई दिल्ली में वस्तु और सेवाकर–जीएसटी परिषद की बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों ने भाग लिया। संवाददाताओं को जानकारी देते हुए वित्तमंत्री ने बताया कि बैठक में जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल के अलावा बाजरा तथा शीरे पर जीएसटी की दरों के बारे में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि परिषद ने गन्ना किसानों को लाभ देने के लिए शीरे पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 5 प्रतिशत करने का फैसला लिया है। वित्त मंत्री ने कहा कि 70 प्रतिशत बाजरा युक्त आटा खुले में बेचे जाने पर उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। इसे पैक कर और लेबल लगाकर बेचा जाता है, तो इस पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल के संबंध में किए गए बदलावों के बारे में उन्होंने कहा कि ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष की अधिकतम आयु सीमा अब 67 वर्ष की जगह 70 होगी। सदस्यों के लिए यह आयु सीमा 65 वर्ष से बढाकर 67 वर्ष कर दी गई है। अध्यक्ष पद के लिए न्यूनतम आयु सीमा 50 वर्ष रखी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद ने एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल पर कर लगाने का अधिकार राज्यों को सौंप दिया है।

----------------

भारतीय वायु सेना आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश में प्रयागराज में बमरौली वायुसेना केंद्र में शानदार परेड और हवाई प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। पहली बार, महिला अग्निवीरों की बटालियन को भी परेड में शामिल किया गया है। हवाई प्रदर्शन में लड़ाकू जेट रफाल भी शामिल होगा। पहली बार, 5 हेलीकॉप्टरों की टीम–**सारंग** भी इस प्रदर्शन में शामिल हो रही हैं। इसके अलावा, स्काई गंगा डिस्प्ले टीम भी एक्शन में होगी। कार्यक्रम में, मिग–21 को औपचारिक विदाई दी जाएगी और परिवहन विमान सी–295 को वायुसेना में शामिल किया जाएगा। वायुसेना आज अपना नया प्रतीक–चिह्न भी जारी करेगी। कार्यक्रम में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी, थल सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान और मध्य हवाई कमान के जनरल ऑफिसर इन कमांडिंग, एयर मार्शल आर.जी.के. कपूर भी उपस्थित रहेंगे।

----------------

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज जयपुर दौरे पर रहेंगे। उनका भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संभाग बैठक में भाग लेने का कार्यक्रम है। दोपहर में वे प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। इसके बाद उनका सोशल मीडिया वॉलंटियर संवाद का भी कार्यक्रम है।

----------------

प्रदेश में कनिष्ठ अनुदेशकों के ढाई हजार पदों पर भर्ती होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। ये भर्ती तकनीकी शिक्षा (प्रशिक्षण) आईटीआई विभाग में विभिन्न व्यवसायों और विषयों के कनिष्ठ अनुदेशक के लिए की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जयपुर के पुनर्वास और अनुसंधान केंद्र में भी 14 नए पद बनाने की स्वीकृति दी है। इनमें फिजियोथैरेपिस्ट के 8, कनिष्ठ सहायक के 2 और साइक्लोजिकल काउंसलर, सूचना सहायक, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष और ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट के 1–1 पद शामिल हैं।

----------------

जैसलमेर की सम पंचायत समिति के 12 ग्राम पंचायत मुख्यालयों और जैसलमेर पंचायत समिति के दो ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर नए उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाएंगे। वहीं चित्तौड़गढ़ की भदेसर पंचायत समिति के उप जिला अस्पताल, मण्डफिया में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए बैड्स में बढोतरी की जाएगी। यहां बैड्स की संख्या 30 से बढ़ाकर 100 की जाएगी। इसके साथ ही उदयपुर की मावली पंचायत समिति के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घासा और इंटाली, पंचायत समिति फलासिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पानरवा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत किया जाएगा।

----------------

बीकानेर में पहला खादी प्लाजा शुरू किया गया है। शिक्षा मंत्री डॉ बी.डी. कल्ला और राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा ने कल इसका उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर डॉ कल्ला ने कहा कि खादी एक विचार है और स्वावलंबन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि खादी को प्रोत्साहित करने के लिए इसे फैशन और डिजाइनिंग से जोड़ते हुए युवा पीढ़ी को इससे जोड़ा जाए। श्री कल्ला ने कहा कि खादी कार्य को मनरेगा से जोड़ने की दिशा में भी प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए इस खादी प्लाजा से खादी विपणन और प्रचार–प्रसार में मदद मिलेगी। वहीं बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने खादी बुनकरों और कतिनों के लिए 40 करोड़ रुपये की आर्थिक प्रोत्साहन योजना लागू की है।

----------------

भरतपुर का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, घना प्रवासी पक्षियों के नवजात शिशुओं की चहचाहट से गुंजायमान हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पर्यटक, पक्षियों की अठखेलियों को देखकर उत्साहित हो रहे हैं।

--------------

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में, आज भारत अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा। यह मैच चेन्नई के एम.ए. चिदम्बरम् स्टेडियम में दोपहर दो बजे से खेला जायेगा। प्रतियोगिता में, कल नई दिल्ली में खेले गए मैच में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 102 रन से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट पर 428 रन बनाए, जो विश्व कप में किसी भी टीम का अब तक का सर्वाधिक स्कोर है। जवाब में, श्रीलंका की टीम 45वें ओवर में 326 रन पर सिमट गई। कल एक अन्य मुकाबले में, धर्मशाला में, बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को छह विकेट से हरा दिया।

----------------

बीकानेर के अभियांत्रिकी महाविद्यालय में कल मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप प्रकोष्ठ की ओर से इसका आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को मतदान के बारे में जागरुक किया गया। प्रकोष्ठ सह समन्वयक ने वोटर हेल्पलाइन एप, सी विजिल एप, ई प्रमाण पत्र और सक्षम एप के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में भय मुक्त और निष्पक्ष मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को शत–प्रतिशत मतदान की शपथ भी दिलवाई गयी।

----------------